


4 MP BN NCC BHOPAL



अमृत महोत्सव 2023
शासकीय हमीदिया कला एवं





BHOPAL
THURSDAY
17
August-2023

A Bilingual Daily Newspaper द क्लिफ न्यूज़ (दैनिक समाचार पत्र)

THE CLIFF NEWS

Year-6. Volume-138, Page-8, ₹1

epaper-www.thecliffnews.in

# जीवन में कुछ बेहतर और बड़ा करने का लक्ष्य रखें: शिवराजसिंह चौहान





- **हमीदिया जैसे कॉलेजों से उभरती है समाज में नई लीडरशिपः विष्णुदत्त शर्मा**
- **हमीदिया कॉलेज के स्थापना दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए सीएम और प्रदेश अध्यक्ष**

**द क्लिफ न्यूज़ ■ भोपाल**

प्रत्येक विद्यार्थी के समक्ष यह विकल्प होता है कि वह या तो सामान्य जीवन जिए या देश और समाज के लिए बेहतर कार्य कर महान बनने का प्रयास करे। औरों के लिए जीना उपयोगी जीवन है। जीता वही है जो देश और समाज के लिए जीता है। स्वामी विवेकानंद ने यही प्रेरणा दी है। आज सीनियर होने के नाते अपने जूनियर्स को यही संदेश देना चाहता हूँ कि जीवन में कुछ बड़ा और बेहतर करने की सोचें। यह बात मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने हमीदिया कॉलेज में अमृत महोत्सव 2023 को संबोधित करते हुए कही। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने भी संबोधित किया। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री चौहान स्वयं भी इस महाविद्यालय के विद्यार्थी रहे हैं।

**हमीदिया कॉलेज का बनेगा सर्वसुविधायुक्त भवनः शिवराजसिंह चौहान** - कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने घोषणा की कि हमीदिया महाविद्यालय का अत्याधुनिक विशाल सर्व सुविधायुक्त भवन बनाया जाएगा और विदयार्थियों की आवश्यकता के अनुसार नए संकाय खोले जाएंगे। उन्होंने कहा कि एप्रोच रोड और अन्य कार्य भी भवन निर्माण के स्थान के निर्धारण के बाद किए जाएंगे। यहां के पूर्व विद्यार्थियों और वर्तमान विद्यार्थियों के सुझावों पर जरूरी कदम उठाएंगे और कलेक्टर भोपाल, उच्च शिक्षा विभाग और संबंधित विभागों से समन्वय कर इन कार्यों को पूरा कराया जायेगा। मुख्यमंत्री चौहान ने महाविद्यालय परिसर में स्थापित स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा का लोकार्पण किया। इस दौरान उनके साथ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा भी मौजूद रहे।

**विद्यार्थी जीवन की यादों में खो गए मुख्यमंत्री** : मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि कॉलेज में सभी प्रेम से मिलते हैं। ऐसा लगता है कि दौड़ कर जाएं और दोस्तों से गले लग जाएं। मुख्यमंत्री चौहान ने बताया वे साइकिल से कॉलेज जाते थे। पहले सेफिया कॉलेज जाते थे बाद में हमीदिया। इस महाविद्यालय से अनेक हस्तियां निकली हैं। इनमें भारत के राष्ट्रपति रहे डॉ. शंकर दयाल शर्मा भी शामिल हैं। मुख्यमंत्री चौहान ने डॉ. शर्मा को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि इस महाविद्यालय से बाबूलाल गौर, कैलाश सारंग, लक्ष्मीनारायण शर्मा, नजमा हेपतुल्ला, के.एन. प्रधान, ओ.एन. श्रीवास्तव, जस्टिस फैजानुद्दीन, हसनात सिद्दीकी जैसी हस्तियां पढ़कर निकलीं। चौहान ने कहा कि आज इस महाविद्यालय के परिसर में आकर अनेक यादें ताजा हो रही हैं।

**साथियों की फरमाइश पर सुनाया गीत** : मुख्यमंत्री चौहान ने साथियों की फरमाइश पर कार्यक्रम में 'अहसान मेरे दिल पर तुम्हारा है दोस्तो, ये दिल तुम्हारे प्यार का मारा है दोस्तो...।' और 'नदिया चले, चले रे धारा, तुझको चलना होगा...।' गीत सुनाए। इसके साथ ही मुख्यमंत्री चौहान ने उन्हें भेंट किया गया वर्ष 1978 का फोटो भी देखा और यादें ताजा कीं।

(अ. श्रावण शुक्ल पक्ष प्रतिपदा 2080)
वर्ष - 19
अंक - 147
पृष्ठ - 12
मूल्य - ₹4.00

सच कहने का साहस और सलीका
राज एक्सप्रेस

वह क्यू आर कोड स्कैन कर हमें पाएं अपने स्मार्ट फोन पर
www.rajexpress.co
twitter.com/rajexpressnews
www.facebook.com/rajexpressnews

भोपाल
गुरुवार, 17 अगस्त 2023

■ भोपाल ■ इंदौर ■ जबलपुर ■ ग्वालियर ■ रतलाम ■ रीवा ■ सतना ■ छिंदवाड़ा ■ उज्जैन ■ सागर

### मुख्यमंत्री ने महाविद्यालय के अमृत महोत्सव 2023 को संबोधित करते हुए किया ऐलान

# हमीदिया महाविद्यालय का नया भवन बनेगा, नए संकाय भी खोले जाएंगे

- सीएम बोले–जीवन में कुछ बेहतर और बड़ा करने का लक्ष्य रखें
- दिया आश्वासन–अतिथि विद्वानों के बारे में चर्चा कर निर्णय लेंगे




**भोपाल ■ प्रशासनिक संवाददाता**

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शासकीय हमीदिया महाविद्यालय का विशाल, अत्याधुनिक व सर्व सुविधायुक्त नया भवन बनाने और विद्यार्थियों की आवश्यकता के अनुसार नए संकाय खोलने का ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि एप्रोच रोड और अन्य कार्य भी भवन निर्माण के स्थान का निर्धारण करने के बाद किए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि महाविद्यालय के पुराने और वर्तमान छात्रों के सुझावों पर जरूरी कदम उठाएंगे। कलेक्टर भोपाल, उच्च शिक्षा विभाग और संबंधित विभागों से समन्वय कर कार्यों को पूरा कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि अतिथि विद्वानों के बारे में चर्चा कर निर्णय लिया जाएगा। मुख्यमंत्री हमीदिया कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय भोपाल के स्थापना के 75 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित अमृत महोत्सव 2023 को संबोधित कर रहे थे। चौहान खुद हमीदिया महाविद्यालय के विद्यार्थी रहे हैं। इस दौरान उन्होंने महाविद्यालय परिसर में स्थापित स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा के साथ पुस्तकालय और कंप्यूटर लैब का लोकार्पण भी किया। सीएम ने कहा, प्रत्येक विद्यार्थी के समक्ष यह विकल्प होता है कि वह या तो सामान्य जीवन जिए या देश और समाज के लिए बेहतर कार्य कर महान बनने का प्रयास करे। औरों के लिए जीना उपयोगी जीवन है। जीता वही है, जो देश और समाज के लिए जीता है। स्वामी विवेकानंद ने यही प्रेरणा दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज सीनियर होने के नाते अपने जूनियर्स को यही संदेश देना चाहता हूं कि जीवन में कुछ बड़ा और बेहतर करने की सोच रखें। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि इस महाविद्यालय ने मुख्यमंत्री चौहान का निर्माण किया है। इस संस्था को ऐसे कुशल नेतृत्व को तैयार करने का श्रेय जाता है। अमृत महोत्सव में भोपाल की सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर, चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग, भोपाल की महापौर मालती राय, नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी सहित कालेज के पूर्व छात्र भरत चतुर्वेदी, तपन भौमिक, पूर्व सांसद आलोक संजर, कालेज की प्राचार्य पुष्पलता चौकसे सहित कालेज के 1946 से 2023 तक के विद्यार्थी शामिल हुए।

## साइकिल से जाता था कॉलेज

चौहान ने कहा कि कॉलेज में सभी प्रेम से मिलते हैं। ऐसा लगता है कि दौड़ कर जाएं और दोस्तों से गले लग जाएं। उन्होने बताया मै साइकिल से कालेज जाता था। पहले सेफिया कॉलेज जाते थे, बाद में हमीदिया। इस महाविद्यालय से अनेको हस्तियां निकली हैं। इनमें भारत के राष्ट्रपति रहे डॉ. शंकर दयाल शर्मा भी शामिल हैं। उनके अलावा पूर्व सीएम बाबूलाल गौर, कैलाश सारंग, लक्ष्मीनारायण शर्मा, नजमा हेपतुल्ला, केएन प्रधान, ओएन श्रीवास्तव, जस्टिस फैजानुद्दीनए, हसनात सिद्दीकी जैसी हस्तियां इसी कालेज से पढ़कर निकली है। चौहान ने कहा कि आज इस महाविद्यालय के परिसर में आकर अनेक यादें ताजा हो रही हैं।

## साथियों की फरमाइश पर सुनाया गीत

सीएम ने संबोधन के प्रारंभ में गीत भी सुनाया। अहसान मेरे दिल पर तुम्हारा है दोस्तो, ये दिल तुम्हारे प्यार का मारा है दोस्तो। नदिया चले, चले रे धारा, तुझको चलना होगा। सीएम को भेंट किया गया वर्ष 1978 का फोटो भी देखा और यादें ताजा की। चौहान ने इस मौके पर पूर्व विधायक स्वर्गीय रमेश शर्मा गुड्डू भैया भी को भी याद किया। बोले–अकसर गुड्डू भैया के भोजनालय पर भोजन भी करते थे। न्यू मार्केट में समता चौक और लिटिल काफी हाउस में मित्रों के साथ मिलने–जुलने और चर्चा के दौर चलते थे।

## स्वामी विवेकाननंद मेरे आदर्श

सीएम चौहान ने कहा कि हमारा जीवन देश और समाज के लिए उपयोगी होना चाहिए। स्वामी विवेकानंद की यह पक्तियां विद्यार्थियों को याद रखना चाहिए। स्वामी विवेकानंद के अमृत वचनों को दोहराते हुए मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि मनुष्य के लिए कोई कार्य असंभव नहीं। वह सब कार्य कर सकता है जो ठान लेता है। चौहान ने कालेज के प्रथम बैच (वर्ष 1946) के विद्यार्थी रहे सेवानिवृत अधिकारी देवी शरण सक्सेना का पुष्पहार से स्वागत किया।

Passive Investing

पैसिव फंड में तेजी से एक्टिव हो रहे निवेशक

■ म्यूचुअल फंड इन दिनों निवेश करने का एक बेहतर विकल्प बन गया है। लोग अपनी क्षमता के अनुसार मंथली या

■ स्टॉक मार्केट में थोड़ा रिस्क होता है, लेकिन बाजार की तुलना में देखा जाए तो म्यूचुअल

■ लगभग 17 प्रतिशत की बाजार हिस्सेदारी के साथ आगे पैसिव फंडों के लिए पर्याप्त संभावनाएं हैं। यह सर्वेक्षण भारत में

■ 61 प्रतिशत निवेशकों ने कम से कम 1 पैसिव फंड में निवेश किया है, जो भारत में पैसिव फंडों के तेजी से

■ 57 प्रतिशत लोग इन फंडों को उनकी कम लागत वाली प्रकृति के कारण पसंद करते हैं, जो

■ 56 प्रतिशत का मानना है कि इसकी सरलता ये फंड ही उन्हें इनमें निवेश करने के लिए आकर्षित करते हैं।

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

दैनिक जागरण

www.djmp.in/epaper

वर्ष 66 अंक 322 पृष्ठ 12

भोपाल, गुरुवार 17 अगस्त, 2023

श्रावण शुक्ल पक्ष 01, विक्रम संवत् 2080

महानगर मूल्य 5 रुपए

# मुख्यमंत्री ने बताए भोपाल के अपने अड्डे, बोले– सितंबर में नाचेंगे-गाएंगे



भोपाल में हमीदिया कॉलेज के अमृत महोत्सव कार्यक्रम में संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान।

**भोपाल, जागरण।** मध्य प्रदेश के सीएम शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को भोपाल में अपने अड्डों के बारे में बताया। कहानी सुनाई कि कैसे सीहोर जिले की बुधनी विधानसभा के जैत गांव से आकर भोपाल में राजनीति शुरू की। पुराने दोस्तों को याद किया और फिर कहा कि, ऐसे मजा नहीं आएगा। सितंबर में एक कार्यक्रम करेंगे, जिस में नाचेंगे–गाएंगे, खाएंगे–पिएंगे, मस्ती करेंगे। वे हमीदिया कॉलेज के 75 साल पूरे होने पर आयोजित अमृत महोत्सव में बोल रहे थे। ■ शेष पृष्ठ 9 पर

17
अगस्त 2023
गुरुवार
विक्रम 2080, हिजरी 1445
श्रावण शुक्ल प्रतिपदा

बदलते जमाने का अखबार
# पीपुल्स समाचार
स्थापना वर्ष 2009

भोपाल
सिटी
16 पृष्ठ ₹ 2.50
▪ वर्ष-15 ▪ अंक-173

आज
नेशनल थिंपट शॉप डे

twitter.com/psamachar1 | facebook.com/peoplessamachar1 | whatsapp 9644644460 | instagram.com/peoplessamachar1 | www.peoplessamachar.in

# हर 50 परिवार पर होगा एक जन सेवा मित्र, प्रदेशभर में इनकी संख्या होगी तीन लाख

## मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान की कई घोषणाएं

पीपुल्स ब्यूरो • भोपाल
मो.नं. 9425174141

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेश में अब हर पचास परिवार में एक जन सेवा मित्र होगा। इससे इनकी संख्या 9 हजार से बढ़कर करीब तीन लाख हो जाएगी। सीएम ने यह घोषणा भोपाल में राज्य स्तरीय कार्यक्रम में स्वतंत्रता दिवस समारोह में ध्वजारोहण करने के दौरान की। उन्होंने कहा कि आवास प्लस में जो लोग शामिल नहीं हैं उन हितग्राहियों को भी योजना में शामिल किया जाएगा और इसके लिए मुख्यमंत्री जन आवास योजना बनाई जाएगी। पूरे प्रदेश में जुलाई-अगस्त में विकास पर्व के दौरान 45 हजार करोड़ रुपए से अधिक के कार्यों का भूमि-पूजन और लोकार्पण किया गया। आने वाले समय में नर्मदा प्रगति पथ, विंध्य प्रगति पथ, मालवा विकास पथ, मध्य विकास पथ और बुंदेलखंड विकास पथ जैसी एक्सप्रेस-वे परियोजनाएं मध्यप्रदेश की प्रोफाइल को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगी।



भोपाल। हमीदिया कॉलेज की स्थापना के 75 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए सीएम शिवराज सिंह चौहान।

### प्रदेश में वर्ष 2030 तक लक्ष्य प्राप्ति के ये हैं संकल्प

- मप्र की अर्थव्यवस्था का आकार हम 45 लाख करोड़ रुपए तक ले जाएंगे।
- एक करोड़ से अधिक लोगों को गरीबी की रेखा से ऊपर लेकर आएंगे।
- प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय को हम दोगुना कर देंगे। इसे 2 लाख 80 हजार तक ले जाया जाएगा।
- कुल कृषि उत्पादन को बढ़ाकर 10 करोड़ मीट्रिक टन तक ले जाएंगे।
- प्रदेश की ऊर्जा क्षमता बढ़कर 38 हजार मेगावॉट से अधिक की जाएगी।
- प्रदेश में एक लाख किलोमीटर लंबाई की नई सड़कों का जाल बिछेगा।
- सभी जिला मुख्यालयों को 4 लेन और नगरीय निकायों को 2 लेन सड़कों से जोड़ेंगे।
- प्रदेश के सभी शासकीय मेडिकल कॉलेजों में नर्सिंग कॉलेज स्थापित किए जाएंगे।
- मातृ मृत्यु दर को घटाकर 100 प्रति लाख तक और शिशु मृत्यु दर को घटाकर 35 प्रति हजार तक लाया जाएगा।
- प्रदेश में सरकारी स्कूलों के शिक्षकों के लगभग 25 हजार रिक्त पद भर दिए जाएंगे।
- 45 हजार आंगनबाड़ी केंद्रों को प्री-प्राइमरी स्कूल में विकसित करेंगे।
- प्रत्येक विकासखंड में कम से कम एक सरकारी कॉलेज होगा।

**हमीदिया कॉलेज की बड़ी बिल्डिंग बनेगी, नए संकाय खुलेंगे :** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान बुधवार को शासकीय हमीदिया कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, भोपाल की स्थापना के 75 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित अमृत महोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए। वे यहीं पढ़े हैं। यहां उन्होंने महाविद्यालय के अत्याधुनिक विशाल सर्व सुविधायुक्त भवन बनाने और विद्यार्थियों की आवश्यकता के अनुसार नए संकाय खोलने की घोषणा की।

**ऐसा लगता है दोस्तों को दौड़कर गले लगा लें :** मुख्यमंत्री ने कहा कि अपने महाविद्यालय परिसर में आकर अनेक यादें ताजा हो रही हैं। ऐसा लगता है दौड़ कर जाएं और दोस्तों से गले लग जाएं। उन्होंने अहसान मेरे दिल पर तुम्हारा है दोस्तों, ये दिल तुम्हारे प्यार का मारा है दोस्तों...जैसे गीत भी सुनाए। साथ ही सितंबर में बड़े आयोजन की बात भी कही। उन्होंने कॉलेज के प्रथम बैच वर्ष 1946 के विद्यार्थी रहे, सेवानिवृत्त अधिकारी देवी शरण सक्सेना का स्वागत किया।

अभिमत



पाकिस्तान में सेना ही असली सरकार

# नव भारत

भोपाल | गुरुवार | 17 अगस्त, 2023 | वर्ष 67 | अंक 200 | पृष्ठ 12 | मूल्य रु. 5.00 | www.navabharat.com

चुनाव विशेष



इन्दौर में जातिवाद नहीं, फिर भी टिकट वितरण में सोशल इंजीनियरिंग






# कुछ बड़ा करने का लक्ष्य रखें

## सीएम शिवराज ने हमीदिया कॉलेज में विद्यार्थी जीवन की यादें कीं ताजा

**भोपाल, 16 अगस्त.** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज यहाँ शासकीय हमीदिया कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय भोपाल की स्थापना के 75 वर्ष पूर्ण होने पर अमृत महोत्सव 2023 में महाविद्यालय का अत्याधुनिक

- **हमीदिया महाविद्यालय का बनेगा विशाल और भव्य भवन, नए संकाय खुलेंगे**
- **महाविद्यालय के अमृत महोत्सव में जुटे वर्ष 1946 से 2023 तक के विद्यार्थी**

विशाल सर्व सुविधायुक्त भवन बनाने और विदयार्थियों की आवश्यकता के अनुसार नए संकाय खोलने की घोषणा की.

चौहान ने कहा कि भवन निर्माण के स्थान के निर्धारण के बाद एप्रोच रोड और अन्य कार्य भी किए जाएंगे. पूर्व और वर्तमान विद्यार्थियों के सुझावों पर जरूरी कदम उठाएंगे और कलेक्टर भोपाल, उच्च शिक्षा विभाग और संबंधित विभागों से समन्वय कर इन कार्यों को पूरा कराया जायेगा.

मुख्यमंत्री चौहान ने अमृत महोत्सव 2023 को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी के समक्ष यह विकल्प होता है कि वह या तो सामान्य जीवन जिये या देश और समाज के लिए बेहतर कार्य कर महान बनने का प्रयास करे. औरों के लिए जीना उपयोगी जीवन है. जीता वही है जो देश और समाज के लिए जीता है. मुख्यमंत्री ने महाविद्यालय की कंप्यूटर लैब का शुभारंभ, परिसर में रुद्राक्ष के पौधे का रोपण और पुस्तकालय भवन का लोकार्पण किया.

### साथियों की फरमाइश पर सुनाया गीत

मुख्यमंत्री चौहान ने संबोधन के प्रारंभ में गीत भी सुनाया अहसान मेरे दिल पर तुम्हारा है दोस्तों, ये दिल तुम्हारे प्यार का मारा है दोस्तों.... सीएम ने पूर्व विद्यार्थियों और साथियों की फरमाइश पर - नदिया चले, चले रे धारा, तुझको चलना होगा... गीत भी सुनाया. मुख्यमंत्री चौहान ने उन्हें भेंट किया गया वर्ष 1978 का फोटो भी देखा और यादें ताजा कीं.

### स्वामी विवेकानंद जी मेरे आदर्श : चौहान

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि हमारा जीवन देश और समाज के लिए उपयोगी होना चाहिए. विवेकानंद जी की ये पंक्तियां विद्यार्थियों को याद रखना चाहिए. स्वामी विवेकानंद के अमृत वचनों को दोहराते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि मनुष्य के लिए कोई कार्य असंभव नहीं. वह सब कार्य कर सकता है जो ठान लेता है.

य एषु सुप्तेषु जागर्ति | वर्ष 16 | अंक 84 | पृष्ठ 18 | मूल्य 5.00 | भोपाल, गुरुवार, 17 अगस्त, 2023 | द्वि. श्रावण शुक्ल पक्ष प्रतिपदा संवत् 2080

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, कर्नाटक, गुजरात, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और दिल्ली से प्रकाशित

पत्रिका

# हर 50 परिवार पर होगा एक जन सेवा मित्र, प्रदेशभर में इनकी संख्या होगी तीन लाख

## मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान की कई घोषणाएं

पीपुल्स ब्यूरो • भोपाल

मो.नं. 9425174141

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेश में अब हर पचास परिवार में एक जन सेवा मित्र होगा। इससे इनकी संख्या 9 हजार से बढ़कर करीब तीन लाख हो जाएगी। सीएम ने यह घोषणा भोपाल में राज्य स्तरीय कार्यक्रम में स्वतंत्रता दिवस समारोह में ध्वजारोहण करने के दौरान की। उन्होंने कहा कि आवास प्लस में जो लोग शामिल नहीं हैं उन हितग्राहियों को भी योजना में शामिल किया जाएगा और इसके लिए मुख्यमंत्री जन आवास योजना बनाई जाएगी। पूरे प्रदेश में जुलाई-अगस्त में विकास पर्व के दौरान 45 हजार करोड़ रुपए से अधिक के कार्यों का भूमि-पूजन और लोकार्पण किया गया। आने वाले समय में नर्मदा प्रगति पथ, विंध्य प्रगति पथ, मालवा विकास पथ, मध्य विकास पथ और बुंदेलखंड विकास पथ जैसी एक्सप्रेस-वे परियोजनाएं मध्यप्रदेश की प्रोफाइल को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगी।



भोपाल। हमीदिया कॉलेज की स्थापना के 75 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए सीएम शिवराज सिंह चौहान।

### प्रदेश में वर्ष 2030 तक लक्ष्य प्राप्ति के ये हैं संकल्प

- मप्र की अर्थव्यवस्था का आकार हम 45 लाख करोड़ रुपए तक ले जाएंगे।
- एक करोड़ से अधिक लोगों को गरीबी की रेखा से ऊपर लेकर आएंगे।
- प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय को हम दोगुना कर देंगे। इसे 2 लाख 80 हजार तक ले जाया जाएगा।
- कुल कृषि उत्पादन को बढ़ाकर 10 करोड़ मीट्रिक टन तक ले जाएंगे।
- प्रदेश की ऊर्जा क्षमता बढ़कर 38 हजार मेगावॉट से अधिक की जाएगी।
- प्रदेश में एक लाख किलोमीटर लंबाई की नई सड़कों का जाल बिछेगा।
- सभी जिला मुख्यालयों को 4 लेन और नगरीय निकायों को 2 लेन सड़कों से जोड़ेंगे।
- प्रदेश के सभी शासकीय मेडिकल कॉलेजों में नर्सिंग कॉलेज स्थापित किए जाएंगे।
- मातृ मृत्यु दर को घटाकर 100 प्रति लाख तक और शिशु मृत्यु दर को घटाकर 35 प्रति हजार तक लाया जाएगा।
- प्रदेश में सरकारी स्कूलों के शिक्षकों के लगभग 25 हजार रिक्त पद भर दिए जाएंगे।
- 45 हजार आंगनबाड़ी केंद्रों को प्री-प्राइमरी स्कूल में विकसित करेंगे।
- प्रत्येक विकासखंड में कम से कम एक सरकारी कॉलेज होगा।

**हमीदिया कॉलेज की बड़ी बिल्डिंग बनेगी, नए संकाय खुलेंगे :** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान बुधवार को शासकीय हमीदिया कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, भोपाल की स्थापना के 75 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित अमृत महोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए। वे यहीं पढ़े हैं। यहां उन्होंने महाविद्यालय के अत्याधुनिक विशाल सर्व सुविधायुक्त भवन बनाने और विद्यार्थियों की आवश्यकता के अनुसार नए संकाय खोलने की घोषणा की।

**ऐसा लगता है दोस्तों को दौड़कर गले लगा लें :** मुख्यमंत्री ने कहा कि अपने महाविद्यालय परिसर में आकर अनेक यादें ताजा हो रही हैं। ऐसा लगता है दौड़ कर जाएं और दोस्तों से गले लग जाएं। उन्होंने अहसान मेरे दिल पर तुम्हारा है दोस्तों, ये दिल तुम्हारे प्यार का मारा है दोस्तों...जैसे गीत भी सुनाए। साथ ही सितंबर में बड़े आयोजन की बात भी कही। उन्होंने कॉलेज के प्रथम बैच वर्ष 1946 के विद्यार्थी रहे, सेवानिवृत्त अधिकारी देवी शरण सक्सेना का स्वागत किया।

## कॉलेज की स्थापना के 75 वर्ष पूरे होने पर मुख्यमंत्री चौहान विशेष रूप से हुए शामिल

# हमीदिया कॉलेज का बनेगा विशाल और भव्य भवन, नए संकाय खुलेंगे: सीएम

**कॉलेज के अमृत महोत्सव में वर्ष 1946 से 2023 तक के विद्यार्थी जुटे**

**कॉलेज के पूर्व छात्र मुख्यमंत्री चौहान ने छात्र जीवन की यादें की ताजा**




हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

बुधवार को राजधानी स्थित शासकीय हमीदिया कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय की स्थापना के 75 वर्ष पूरे होने पर अमृत महोत्सव 2023 का आयोजन किया गया। इसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री और हमीदिया कॉलेज के पूर्व छात्र रहे शिवराज सिंह चौहान ने विशेष रुप से भाग लिया। इस अवसर मुख्यमंत्री ने कहा कि महाविद्यालय का अत्याधुनिक विशाल सर्व सुविधायुक्त भवन बनाने और विद्यार्थियों की आवश्यकता के अनुसार नए संकाय खोले जाएंगे। उन्होंने कहा कि भवन निर्माण के स्थान के निर्धारण के बाद एप्रोच रोड और अन्य कार्य भी किए जाएंगे। पूर्व और वर्तमान विद्यार्थियों के सुझावों पर जरूरी कदम उठाएंगे और कलेक्टर, उच्च शिक्षा विभाग और संबंधित विभागों से समन्वय कर इन कार्यों को पूरा कराया जाएगा।

### मुख्यमंत्री चौहान ने गाया गीत नदिया चले, चले रे धारा...

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि कॉलेज में सभी प्रेम से मिलते हैं। आज इस महाविद्यालय के परिसर में आकर अनेक यादें ताजा हो रही हैं। ऐसा लगता है दौड़ कर जाएं और दोस्तों से गले लग जाएं। उन्होंने बताया कि वे साइकिल से कॉलेज जाते थे। पहले सेफिया कॉलेज जाते थे बाद में हमीदिया। इस महाविद्यालय से अनेक हस्तियां निकली हैं, जिनमें भारत के राष्ट्रपति रहे डॉ. शंकर दयाल शर्मा भी शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने संबोधन के शुरू में गीत भी सुनाया अहसान मेरे दिल पर तुम्हारा है दोस्तों, ये दिल तुम्हारे प्यार का मारा है दोस्तों...। उन्होंने पूर्व विद्यार्थियों और साथियों की फरमाइश पर नदिया चले, चले रे धारा, तुझको चलना होगा... गीत भी सुनाया।

### लाइब्रेरी भवन और कम्प्यूटर लैब का शुभारंभ किया

मुख्यमंत्री ने महाविद्यालय परिसर पहुंचते ही एनसीसी और एनएसएस के विद्यार्थियों से भेंट की। कॉलेज की कंप्यूटर लैब का शुभारंभ, परिसर में रुद्राक्ष के पौधे का रोपण और पुस्तकालय भवन का लोकार्पण किया।

**पहले बैच के पहले विद्यार्थी रहे देवी शरण का किया स्वागत**

मुख्यमंत्री चौहान ने कॉलेज के प्रथम बैच वर्ष 1946 के विद्यार्थी रहे, सेवानिवृत्त अधिकारी देवी शरण सक्सेना का पुष्पहार से स्वागत किया। उन्होंने महाविद्यालय के अमृत महोत्सव पर केन्द्रित स्मारिका का विमोचन किया। मुख्यमंत्री को स्मृति-चिन्ह भेंट किया गया। प्राचार्य पुष्पलता चौकसे ने स्वागत उद्बोधन दिया।

---

**पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन किए अर्पित**

## सीएम व अध्यक्ष समेत नेताओं ने पूर्व पीएम वाजपेयी को याद किया



मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने बुधवार को सुबह भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर डीबी मॉल के सामने स्थित प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस मौके पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि भाजपा सरकार अटल जी के संकल्पों को साकार कर रही है। मुख्यमंत्री चौहान ने स्व. अटलजी को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कहा कि आज अटलजी की पुण्यतिथि है, हम उन्हें नमन कर रहे हैं। हार नहीं मानूंगा, रार नई ठानूंगा, काल के कपाल पे लिखता मिटाता हूं, गीत नया गाता हूं, गीत नया गाता हूं इन पंक्तियों और अटल जी का पूरा देश आज भी दीवाना है। वे जहां जाते थे उन्हें सुनने के लिए भीड़ उमड़ पड़ती थी। बेदाग राजनीतिक जीवन में प्रतिपक्ष में काम करते हुए और बाद में प्रधानमंत्री के रूप में भारत माता की ऐसी सेवा की, जो सचमुच में अद्भुत है। हम उनके बताए मार्ग पर हम आगे बढ़ रहे हैं। इस अवसर पर मंत्री विश्वास सारंग, विधायक रामेश्वर शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष सुमित पचौरी समेत अन्य नेता मौजूद रहे।

---

**25 हजार किलोमीटर की दूरी तय की**

## सीएम से दिल्ली में राजगढ़ की साइकिल यात्री आशा ने भेंट की



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से बुधवार को मप्र भवन दिल्ली में राजगढ़ जिले की साइकिल यात्री आशा मालवीय ने भेंट की। महिला सुरक्षा और महिला सशक्तिकरण की अलख जगाने के साथ जागरूकता के उद्देश्य से मप्र स्थापना दिवस-एक नवम्बर 2022 को मालवीय ने एकल महिला साइकिल यात्रा भोपाल से शुरू की थी। यात्रा 15 अगस्त 2023 को दिल्ली में संपन्न हुई। मुख्यमंत्री चौहान ने इस उपलब्धि के लिए मालवीय को अंग-वस्त्रम भेंट कर सम्मानित कर बधाई दी। उन्होंने मप्र की बेटी आशा के बुलंद हौसले, और यात्रा के उद्देश्य की सराहना की। आशा ने साइकिल से यात्रा कर 30 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों में 25 हजार किमी दूरी तय की।

आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्

दैनिक

# नव प्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

# जीवन में कुछ बेहतर और बड़ा करने का लक्ष्य रखें- सीएम चौहान

**हमीदिया महाविद्यालय का बनेगा विशाल और भव्य भवन, नए संकाय खुलेंगे**

**विद्यार्थियों और पूर्व विद्यार्थियों के साथ ही अनौपचारिक कार्यक्रम भी शीघ्र होगा**

**मुख्यमंत्री श्री चौहान ने अपने विद्यार्थी जीवन की यादें की ताजा**

**महाविद्यालय के अमृत महोत्सव में जुटे वर्ष 1946 से 2023 तक के विद्यार्थी**



**भोपाल/नवप्रदेश।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने आज यहाँ शासकीय हमीदिया कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय भोपाल की स्थापना के 75 वर्ष पूर्ण होने पर अमृत महोत्सव 2023 में महाविद्यालय का अत्याधुनिक विशाल सर्व सुविधायुक्त भवन बनाने और विद्यार्थियों की आवश्यकता के अनुसार नए संकाय खोलने की घोषणा की। श्री चौहान ने कहा कि भवन निर्माण के स्थान के निर्धारण के बाद एप्रोच रोड और अन्य कार्य भी किए जाएंगे। पूर्व और वर्तमान विद्यार्थियों के सुझावों पर जरूरी कदम उठाएंगे और कलेक्टर भोपाल, उच्च शिक्षा विभाग और संबंधित विभागों से समन्वय कर इन कार्यों को पूरा कराया जायेगा।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने अमृत महोत्सव 2023 को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी के समक्ष यह विकल्प होता है कि वह या तो सामान्य जीवन जिये या देश और समाज के लिए बेहतर कार्य कर महान बनने का प्रयास करे। औरों के लिए जीना उपयोगी जीवन है। जीता वही है जो देश और समाज के लिए जीता है। स्वामी विवेकानंद ने यही प्रेरणा दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज सीनियर होने के नाते अपने जूनियर्स को यही संदेश देना चाहता हूँ कि जीवन में कुछ बड़ा और बेहतर करने की सोचें।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री चौहान स्वयं इस महाविद्यालय के विद्यार्थी रहे हैं। मुख्यमंत्री ने महाविद्यालय परिसर में स्थापित स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा का लोकार्पण भी किया।

**विद्यार्थी जीवन की यादों में खो गए मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि कॉलेज में सभी प्रेम से मिलते हैं। आज इस महाविद्यालय के परिसर में आकर अनेक यादें ताजा हो रही हैं। ऐसा लगता है दौड़ कर जाएं और दोस्तों से गले लग जाएं। श्री चौहान ने बताया वे साइकिल से कॉलेज जाते थे। पहले सेफिया कॉलेज जाते थे बाद में हमीदिया। इस महाविद्यालय से अनेक हस्तियां निकली हैं, जिनमें भारत के राष्ट्रपति रहे डॉ. शंकर दयाल शर्मा भी शामिल हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने डॉ. शर्मा को श्रद्धा-सुमन अर्पित **शेष पृष्ठ 5 पर**

भोपाल • जबलपुर • इंदौर • ग्वालियर • उज्जैन • सागर • कटनी • सतना • रीवा • छिंदवाड़ा एवं छत्तीसगढ़ रायपुर से प्रकाशित

# सिटी टुडे

बदलते भारत के साथ सच की आवाज

7
बुमराह के पास सहवाग को पीछे छोड़ने का मौका ...





मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने गाया- दिल तुम्हारे प्यार का मारा है दोस्तों...

# हमीदिया कॉलेज बिल्डिंग को मॉडल बनाने की घोषणा, दूसरे सब्जेक्ट्स भी जोड़ेंगे

भोपाल, ब्यूरो। भोपाल के हमीदिया कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय की स्थापना के 75 साल पूरे होने पर 'अमृत महोत्सव 2023' हुआ। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान कार्यक्रम में शामिल हुए। पुराने दोस्तों को याद कर उट ने गीत गाया 'एहसान मेरे दिल पर तुम्हारा है दोस्तों, ये दिल तुम्हारे प्यार का मारा है दोस्तों..। कार्यक्रम के अंत में 'तुझको चलना होगा... गीत गाया। दरअसल मुख्यमंत्री भी इसी कॉलेज से पढ़े हुए हैं। उन्होंने 1978 इस कॉलेज से दर्शन शास्त्र में टअ किया है। उन्होंने कहा, 'सबसे सुखद पल स्कूल और कॉलेज के दिन होते हैं। मैं अइश्ढ में नगर संगठन मंत्री था। सवेरे उठते ही साइकिल से पहले सेफिया कॉलेज जाता था। दुबला - पतला था। वहां मोटे-तगड़े छात्र नेता थे। मैं वहां भाषण देता था,, वो लोग देखा करते थे कि यह कौन आ गया। शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को हमीदिया कॉलेज में साइंस और दूसरे सब्जेक्ट्स जोड़ने की घोषणा की। बिल्डिंग को मॉडल बनाने की बात कही। कॉलेज के स्थापना दिवस पर उन्होंने कहा, 'कॉलेज की भव्य बिल्डिंग कैसी बनाई जाए, इसके लिए नाप-तौल कर लीजिए। इसी महीने स्वीकृत करेंगे। कॉमर्स और आर्ट के अलावा साइंस या दूसरे सब्जेक्ट को जोड़ना है, तो यह भी किया जाएगा।



## न्यू मार्केट था शाम की बैठक का अड्डा

गुट्टू भैया (पूर्व विधायक रमेश शर्मा) बाबू को याद करते हुए उट ने कहा 'हमें जब रात में भूख लगती थी तो उनके मदन महाराज होटल पर जाकर भोजन करते थे। हमीदिया कॉलेज के पीछे चाय की गुमटियां हुआ करती थीं। यहां दोपहर में चाय पीकर नमकीन खाते थे। तब होस्टल थे तिलक, मालवीय, गोखले। होस्टल में रहकर लीला के यहां चाय पीते थे। न्यू मार्केट में शाम को बैठने के अड्डे थे- लिटिल कॉफी हाउस और समता। वो अद्भुत दिन थे। पूर्व विधायक रमेश शर्मा का निधन हो चुका है।

## अटल जी के संकल्प को लेकर हम आगे बढ़ें

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा ने कहा, 'अटल जी कहते थे-एक हाथ में सृजन, दूसरे में हम प्रलय लिए चलते हैं, सभी कीर्ति ज्वाला में जलते, हम अंधियारे में जलते हैं, आंखों में वैभव के सपने, पग में तूफानों की गति हो, राष्ट्र भक्ति का ज्वर न रुकता, आए जिस-जिस की हिम्मत हो...। इस संकल्प को लेकर हम आगे बढ़ें। कार्यक्रम में इखढ प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा, अइश्ढ के क्षेत्रीय संगठन मंत्री, मध्य क्षेत्र (मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़) चेतन (सीएम के राइट), भोपाल सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर भी शामिल हुईं। कॉलेज लाइब्रेरी में 1.20 लाख किताबें, दूसरे इंस्टीट्यूट के छात्र भी आकर पढ़ सकते हैं। प्राचार्य डॉ. पुष्पलता चौकसे ने कहा, 'कोविड के कारण दो साल से अमृत महोत्सव नहीं कर पाए। इस महाविद्यालय ने देश को जन प्रतिनिधि और अधिकारी दिए हैं। यहां लाइब्रेरी में 1 लाख 20 हजार किताबें हैं। शहर के दूसरे कॉलेज के छात्र-छात्राएं भी यहां आकर लाइब्रेरी में पढ़ सकते हैं। नेट मूल्यांकन में हमें बी से आगे बढ़ाकर बी प्लस ग्रेड दिया गया है।' प्राचार्य ने उट से मांग करते हुए कहा कि कॉलेज को खेल मैदान के लिए जमीन दी जाए। आसपास से अतिक्रमण हटवाया जाए।

## स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय भवन और ओपन जिम का लोकार्पण

सीएम ने यहां स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय भवन और ओपन जिम का लोकार्पण किया। स्व. अनिल माधव दवे स्मृति अमृत वाटिका में पौधरोपण और स्वामी विवेकानंद प्रतिमा का अनावरण किया गया। अमृत महोत्सव का विमोचन भी उट ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की स्थापना 1946 से अभी तक के पूर्व छात्र-छात्राएं भी शामिल हुए। कार्यक्रम में भोपाल सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर और अइश्ढ के क्षेत्रीय संगठन मंत्री, मध्य क्षेत्र (मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़) चेतन भी शामिल हुए हैं।

स्वतंत्रता दिवस पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने किए बड़े ऐलान

सीएम शिवराज की

दैनिक भास्कर
भोपाल 17-08-2023

# हमीदिया कॉलेज के 75 साल पूरे... सीएम ने अपनी पुरानी तस्वीर दिखाते हुए ताजा की यादें, बोले- अब बड़ा भवन बनेगा

पॉलिटिकल रिपोर्टर | भोपाल

हमीदिया कॉलेज का सर्वसुविधायुक्त विशाल भवन बनेगा और विद्यार्थियों की आवश्यकता के अनुसार नए विभाग भी खोले जाएंगे। शासकीय हमीदिया कला एवं वाणिज्य कॉलेज भोपाल के स्थापना के 75 वर्ष पूर्ण होने पर हुए अमृत महोत्सव 2023 के कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को यह बात कही।

सीएम ने कहा कि एप्रोच रोड और अन्य कार्य भी भवन निर्माण के स्थान के निर्धारण के बाद किए जाएंगे। यहां के पूर्व विद्यार्थियों और वर्तमान विद्यार्थियों के सुझावों पर जरूरी कदम उठाएंगे और कलेक्टर भोपाल, उच्च शिक्षा विभाग व संबंधित विभागों से समन्वय कर इन कार्यों को पूरा कराया जाएगा। आज सीनियर होने के नाते अपने जूनियर्स को यही संदेश देना चाहता हूं कि जीवन में कुछ बड़ा और बेहतर करने की सोचें। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री खुद इस कॉलेज के विद्यार्थी रहे।





**यादें ताजा हो गईं...** सीएम ने बताया वे साइकिल से कॉलेज जाते थे। अनेक हस्तियां यहां से निकली हैं। सीएम ने कॉलेज से जुड़ी पुरानी तस्वीर भी दिखाई। गाना गाया, 'अहसान मेरे दिल पर तुम्हारा है दोस्तो...' , 'नदिया चले, चले रे धारा...'। सीएम ने कॉलेज के पहले बैच वर्ष 1946 के विद्यार्थी रहे सेवानिवृत्त अधिकारी देवी शरण सक्सेना का स्वागत किया। प्राचार्य पुष्पलता चौकसे ने स्वागत किया। सांसद वीडी शर्मा भी मौजूद रहे।

ग्वालियर एवं भोपाल से प्रकाशित
प्रधान सम्पादक : कालका प्रसाद शिवहरे
मो. 9425770680
RNI.MPHIN/2019/80289
www.jaiswatantrabharat.com
दैनिक जय स्वतंत्र भारत
स्वतंत्र भारत की बुलंद आवाज
वर्ष - 5 अंक - 96 | ग्वालियर, गुरुवार, 17 अगस्त 2023 | पृष्ठ - 08 | मूल्य - 1.00

**सुविचार**
जिसका पुत्र उसका आज्ञाकारी है, जिसकी पत्नी का आचरण उसकी इच्छा के अनुसार है, और जो अपने धन से संतुष्ट है, उसका स्वर्ग यहीं पृथ्वी पर है।
-चाणक्य

## हमीदिया महाविद्यालय का बनेगा विशाल और भव्य भवन, नए संकाय खुलेंगे

# जीवन में कुछ बेहतर और बड़ा करने का लक्ष्य रखें: मुख्यमंत्री

**जय स्वतंत्र भारत, भोपाल**

मुख्यमंत्री ने शासकीय हमीदिया महाविद्यालय का अत्याधुनिक विशाल सर्व सुविधायुक्त भवन बनाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि कॉलेज में नए विषय भी शुरू किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि कलेक्टर भोपाल, उच्च शिक्षा विभाग और संबंधित विभागों से संपर्क एवं समन्वय कर इन कार्यों को पूर्ण करवाएंगे। सीएम स्वयं यहां के विद्यार्थी रहे हैं।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान बुधवार को शासकीय हमीदिया कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय के स्थापना के 75 वर्ष पूर्ण होने पर अमृत महोत्सव 2023 कार्यक्रम में शामिल हुए। महाविद्यालय परिसर में स्थापित स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी के समक्ष यह विकल्प होता है कि वह या तो सामान्य जीवन जिए और मौज-मस्ती की जिन्दगी गुजारे या फिर कुछ देश और समाज के लिए बेहतर कार्य कर महान बनने का प्रयास करे। मानव जीवन को व्यर्थ नहीं गंवाना, औरों के लिए जीना उपयोगी जीवन का प्रतीक है। दरअसल जीता वही है जो देश और समाज के लिए जीता है। स्वामी विवेकानंद ने ऐसी ही प्रेरणा दी है। आज सीनियर होने के नाते अपने जूनियर्स को यही संदेश देना चाहता हूं कि जीवन में कुछ बड़ा और बेहतर करने की सोचें। मुख्यमंत्री चौहान ने महाविद्यालय की कंप्यूटर लैब का शुभारंभ किया। पुस्तकालय भवन का भी लोकार्पण किया।




### विद्यार्थी जीवन की यादों में खो गए सीएम

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस महाविद्यालय के परिसर मे आकर अनेक यादें ताजा हो रही हैं। ऐसा लगता है दौड़ कर जाएं और दोस्तों से गले लग जाएं। उन्होंने बताया वे साइकिल से कॉलेज जाते थे। पहले सेफिया कॉलेज जाते थे बाद में हमीदिया। इससे अनेक हस्तियां निकली हैं, जिनमें भारत के राष्ट्रपति रहे डॉ. शंकर दयाल शर्मा भी शामिल हैं। सीएम ने डॉ. शर्मा को श्रद्धा-सुमन अर्पित करते हुए कहा कि इस महाविद्यालय से बाबूलाल गौर, कैलाश सारंग, लक्ष्मीनारायण शर्मा, नजमा हेपतुल्ला, केएन प्रधान, ओएन श्रीवास्तव, जस्टिस फैजानुद्दीन, हसनात सिद्दीकी जैसी हस्तियां पढ़कर निकली।

### विवेकाननंद जी मेरे आदर्श, जीवन को उपयोगी बना सकते हैं सभी

सीएम ने कहा कि हमारा जीवन देश और समाज के लिए उपयोगी होना चाहिए। विवेकानंद जी की ये पंक्तियां विद्यार्थियों को याद रखना चाहिए। स्वामी विवेकानंद के अमृत वचनों को दोहराते हुए सीएम ने कहा कि मनुष्य के लिए कोई कार्य असंभव नहीं। वह सब कार्य कर सकता है जो ठान लेता है।

### साथियों की फरमाइश पर सुनाया गीत

मुख्यमंत्री ने अमृत महोत्सव में संबोधन के प्रारंभ में गीत भी सुनाया अहसान मेरे दिल पर तुम्हारा है दोस्तो, ये दिल तुम्हारे प्यार का मारा है दोस्तो...। सीमए ने पूर्व विद्यार्थियों और साथियों की फरमाइश पर एक अन्य गीत सुनाया - नदिया चले, चले रे धारा, तुझको चलना होगा...। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने उन्हें भेंट किया गया वर्ष 1978 का फोटो भी देखा और यादें ताजा कीं। मुख्यमंत्री ने रमेश शर्मा गुट्टू भैया को भी याद किया। अक्सर गुट्टू भैया के भोजनालय पर भोजन भी करते थे। न्यू मार्केट में समता चौक और लिटिल काफी हाउस में मित्रों के साथ मिलने-जुलने और चर्चा के दौर चलते थे। सीएम ने कहा कि आज के महोत्सव के अलावा महाविद्यालय के पूर्व और वर्तमान विद्यार्थियों के साथ शीघ्र एक अनौपचारिक कार्यक्रम भी करेंगे। यह इस माह या फिर सितंबर में होगी।

अनमोल विचार
चोट मारने के लिए लोहे के गर्म होने की प्रतीक्षा न करें बल्कि इसे चोट मार-मार कर गर्म करें।
» विलियम बी. स्प्रेग

अखबार नहीं आईना...
# विजय मत
मप्र और छत्तीसगढ़ से एक साथ प्रकाशित

www.vijaymat.com | भोपाल, गुरुवार, 17 अगस्त 2023 | वर्ष- 08 अंक -236 पेज-08 मूल्य- 1.00/-





## हमीदिया कॉलेज के 75 साल पूरे होने पर बोले मुख्यमंत्री शिवराज

# दूसरों के लिए जीना ही उपयोगी जीवन का प्रतीक

**विजय मत, भोपाल**

भोपाल के हमीदिया कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय की स्थापना के 75 साल पूरे होने पर अमृत महोत्सव 2023 हुआ। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान कार्यक्रम में शामिल हुए। पुराने दोस्तों को याद कर इरू ने गीत गाया एहसान मेरे दिल पर तुम्हारा है दोस्तों, ये दिल तुम्हारे प्यार का मारा है दोस्तों..। कार्यक्रम के अंत में तुझको चलना होगा... गीत गाया। दरअसल मुख्यमंत्री भी इसी कॉलेज से पढ़े हुए हैं। उन्होंने 1978 इस कॉलेज से दर्शन शास्त्र में एमए किया है। उन्होंने कहा, सबसे सुखद पल स्कूल और कॉलेज के दिन होते हैं। मैं एबीवीपी में नगर संगठन मंत्री था। सवेरे उठते ही साइकिल से पहले सेफिया कॉलेज जाता था। दुबला - पतला था। वहां मोटे-तगड़े छात्र नेता थे। मैं वहां भाषण देता था, वो लोग देखा करते थे कि यह कौन आ गया। शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को हमीदिया कॉलेज में साइंस और दूसरे सब्जेक्ट्स जोड़ने की घोषणा की। बिल्डिंग को मॉडल बनाने की बात कही। कॉलेज के स्थापना दिवस पर उन्होंने कहा, कॉलेज की भव्य बिल्डिंग कैसी बनाई जाए, इसके लिए नाप-तौल कर लीजिए। इसी महीने स्वीकृत करेंगे। कॉमर्स और आर्ट के अलावा साइंस या दूसरे सब्जेक्ट को जोड़ना है, तो यह भी किया जाएगा।

### विद्यार्थी जीवन की यादों में खो गए मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री मंगलवार ने कहा कि कॉलेज में सभी प्रेम से मिलते हैं। आज इस महाविद्यालय के परिसर में आकर अनेक यादें ताजा हो रही हैं। ऐसा लगता है दौड़ कर जाएं और दोस्तों से गले लग जाएं। मंगलवार ने बताया वे साइकिल से कॉलेज जाते थे। पहले सेफिया कॉलेज जाते थे बाद में हमीदिया। इस महाविद्यालय से अनेक हस्तियां निकली हैं, जिनमें भारत के राष्ट्रपति रहे डॉ. शंकर दयाल शर्मा भी शामिल हैं।

### साथियों को किया याद, कहा विद्यार्थियों का अनौपचारिक कार्यक्रम होगा

मुख्यमंत्री मंगलवार ने महाविद्यालय के साथियों का बार-बार स्मरण किया। इनमें छात्र संघ अध्यक्ष रहे श्री प्रेम ढींगरा, महाविद्यालय की जन-भागीदारी समिति के वर्तमान अध्यक्ष श्री देवेन्द्र रावत, श्री महेन्द्र सिंह बुंदेला, श्री छोटा बाबू राय, श्री सुरजीत सिंह चौहान और अनेक साथियों का उल्लेख शामिल है। इनमें से अनेक आज के महोत्सव में उपस्थित थे। मुख्यमंत्री मंगलवार ने कहा कि महाविद्यालय के पूर्व और वर्तमान विद्यार्थियों के साथ शीघ्र एक अनौपचारिक कार्यक्रम भी करेंगे। यह इस माह या फिर सितंबर में होगा। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि अतिथि विद्वानों के संबंध में चर्चा के बाद निर्णय लिया जाएगा।

### पहले बैच के पहले विद्यार्थी देवी शरणजी का किया स्वागत

मुख्यमंत्री ने कालेज के प्रथम बैच वर्ष 1946 के विद्यार्थी रहे, सेवानिवृत्त अधिकारी श्री देवी शरण सक्सेना जी का पुष्पहार से स्वागत किया। उन्होंने महाविद्यालय के अमृत महोत्सव पर केन्द्रित स्मारिका का विमोचन किया। मुख्यमंत्री को स्मृति-चिन्ह भेंट किया गया। प्राचार्य श्रीमती पुष्पलता चौकसे ने स्वागत उद्बोधन दिया। अमृत महोत्सव में मुख्यमंत्री के साथ सांसद सुश्री प्रज्ञा सिंह ठाकुर, चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास कैलाश सारंग, महापौर श्रीमती मालती राय, नगर निगम अध्यक्ष श्री किशन सूर्यवंशी सहित, तपन भौमिक, पूर्व सांसद आलोक संजर और अनेक पूर्व विद्यार्थी उपस्थित थे। श्री वी.डी. शर्मा ने कहा कि महाविद्यालय ने मुख्यमंत्री श्री चौहान का निर्माण किया है। संस्था को ऐसे कुशल नेतृत्व को तैयार करने का श्रेय जाता है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के क्षेत्रीय संगठन मंत्री श्री चेतन सुखाड़िया ने कहा कि स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा का महाविद्यालय परिसर में लोकार्पण हुआ है। स्वामी विवेकानंद जी ने शिकागो में भारत के ज्ञान केन्द्र होने और विश्व गुरु होने का प्रमाण प्रस्तुत किया था। शिक्षा पद्धति पर भावी पीढ़ी तैयार करने का दायित्व होता है। आज विद्यार्थियों को शिक्षा के माध्यम से अपनी सभ्यता, संस्कृति, अपने राष्ट्र और राष्ट्र की माटी से जोड़ने के प्रयास हो रहे हैं।

समाचार भी, विचार भी

# स्वदेश

भोपाल, गुरुवार 17 अगस्त, 2023 ■ श्रावण (अधिमास) शुक्ल पक्ष प्रतिपदा, संवत् 2080 www.swadesh.in ■ वर्ष 57 (भोपाल 42) ■ अंक 312 ■ पृष्ठ 12 ■ मूल्य 2 रुपए ■ महानगर भोपाल, जबलपुर, सागर, रायपुर, बिलासपुर

मौसम

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| ाल | 30.7 | 23.6 |
| ौर | 28.0 | 22.3 |
| लपुर | 33.4 | 23.8 |
| लयर | 34.5 | 26.5 |
| र | 31.2 | 22.8 |



खेल » 11

विश्व कप के लिए रिटायरमेंट से लौटे बेन स्टोक्स

## मुख्यमंत्री ने विद्यार्थी जीवन की यादें संजोई



भोपाल के सबसे पुराने शासकीय हमीदिया कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में पिछले 75 वर्ष में संस्था से निकले पूर्व छात्र एकत्र हुए। इस समागम में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह भी शामिल हुए। इस मौके पर 1978 में लिया गया समूह फोटो मुख्यमंत्री को भेंट किया गया। मुख्यमंत्री इस फोटो में स्वयं कहां बैठे है यह बता रहे हैं। चित्र में मुख्यमंत्री के साथ पुराने सहपाठी।





आज का मौसम

| तापमान | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 29 डिग्री |
| न्यूनतम | : | 23 डिग्री |
| सूर्योदय | : | 5.55 बजे |
| सूर्यास्त | : | 6.56 बजे |

सांध्य दैनिक

भोपाल-विदिशा से प्रकाशित

# प्रदेश की हलचल

प्रधान संपादक : संजीव जैन



सिनेमा हलचल पेज-6

वर्ष - 26 | अंक - 276 | भोपाल, गुरुवार 17 अगस्त 2023 | पेज : 08 | मूल्य : 2.00 रुपया | www.pradeshkihalchal.com


# हमीदिया महाविद्यालय का बनेगा विशाल और भव्य भवन, नए संकाय खुलेंगे: मुख्यमंत्री चौहान




**एजेसी, भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज यहाँ शासकीय हमीदिया कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय भोपाल की स्थापना के 75 वर्ष पूर्ण होने पर अमृत महोत्सव 2023 में महाविद्यालय का अत्याधुनिक विशाल सर्व सुविधायुक्त भवन बनाने और विदयार्थीड़ियों की आवश्यकता के अनुसार नए संकाय खोलने की घोषणा की। चौहान ने कहा कि भवन निर्माण के स्थान के निर्धारण के बाद एप्रोच रोड और अन्य कार्य भी किए जाएंगे। पूर्व और वर्तमान विद्यार्थियों के सुझावों पर जरूरी कदम उठाएंगे और कलेक्टर भोपाल, उच्च शिक्षा विभाग और संबंधित विभागों से समन्वय कर इन कार्यों को पूरा कराया जायेगा।

मुख्यमंत्री चौहान ने अमृत महोत्सव 2023 को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी के समक्ष यह विकल्प होता है कि वह या तो सामान्य जीवन जिये या देश और समाज के लिए बेहतर कार्य कर महान बनने का प्रयास करे। औरों के लिए जीना उपयोगी जीवन है। जीता वही है जो देश और समाज के लिए जीता है। स्वामी विवेकानंद ने यही प्रेरणा दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज सीनियर होने के नाते अपने जूनियर्स को यही संदेश देना चाहता हूँ कि जीवन में कुछ बड़ा और बेहतर करने की सोचें। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री चौहान स्वयं इस महाविद्यालय के विद्यार्थी रहे हैं। मुख्यमंत्री ने महाविद्यालय परिसर में स्थापित स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा का लोकार्पण भी किया। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि कॉलेज में सभी प्रेम से मिलते हैं। आज इस महाविद्यालय के परिसर में आकर अनेक यादें ताजा हो रही हैं। ऐसा लगता है दौड़ कर जाएं और दोस्तों से गले लग जाएं। चौहान ने बताया वे साइकिल से कॉलेज जाते थे। पहले सेफिया कॉलेज जाते थे बाद में हमीदिया। इस महाविद्यालय से अनेक हस्तियां निकली हैं, जिनमें भारत के राष्ट्रपति रहे डॉ. शंकर दयाल शर्मा भी शामिल हैं। मुख्यमंत्री चौहान ने डॉ. शर्मा को श्रद्धा-सुमन अर्पित करते हुए कहा कि इस महाविद्यालय से बाबूलाल गौर, कैलाश सारंग, लक्ष्मीनारायण शर्मा, श्रीमती नजमा हेपतुल्ला, के.एन. प्रधान, ओ.एन. श्रीवास्तव, जस्टिस फैजानुद्दीन, हसनात सिद्दीकी जैसी हस्तियां पढ़कर निकली।

मुख्यमंत्री चौहान ने संबोधन के प्रारंभ में गीत भी सुनाया ÷अहसान मेरे दिल पर तुम्हारा है दोस्तों, ये दिल तुम्हारे प्यार का मारा है दोस्तों...। मुख्यमंत्री चौहान ने पूर्व विद्यार्थियों और साथियों की फरमाइश पर - ÷नदिया चले, चले रे धारा, तुझको चलना होगा...÷ गीत भी सुनाया। मुख्यमंत्री चौहान ने उन्हें भेंट किया गया वर्ष 1978 का फोटो भी देखा और यादें ताजा कीं। मुख्यमंत्री चौहान ने रमेश शर्मा ÷गुड्डू भैया÷ को भी याद किया। न्यू मार्केट में समता चौक और लिटिल कॉफी हाउस में मित्रों के साथ मिलने-जुलने और चर्चा के दौर चलते थे।

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि हमारा जीवन देश और समाज के लिए उपयोगी होना चाहिए। विवेकानंद जी की ये पंक्तियां विद्यार्थियों को याद रखना चाहिए। स्वामी विवेकानंद के अमृत वचनों को दोहराते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि मनुष्य के लिए कोई कार्य असंभव नहीं। वह सब कार्य कर सकता है जो ठान लेता है।

मुख्यमंत्री चौहान ने महाविद्यालय के साथियों का बार-बार स्मरण किया। इनमें छात्र संघ अध्यक्ष रहे प्रेम ढींगरा, महाविद्यालय की जन-भागीदारी समिति के वर्तमान अध्यक्ष देवेन्द्र रावत, महेन्द्र सिंह बुंदेला, छोटा बाबू राय, सुरजीत सिंह चौहान और अनेक साथियों का उल्लेख शामिल है। इनमें से अनेक आज के महोत्सव में उपस्थित थे। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि महाविद्यालय के पूर्व और वर्तमान विद्यार्थियों के साथ शीघ्र एक अनौपचारिक कार्यक्रम भी करेंगे।

www.nobleexpress.in
वर्ष-2 | अंक-34 | पृष्ठ-8 | मूल्य-2रू.

सुविचार
चोट मारने के लिए लोहे के गर्म होने की प्रतीक्षा न करें बल्कि इसे चोट मार-मार कर गर्म करें।
- विलियम बी. स्प्रेग

दैनिक नोबल एक्सप्रेस
पढ़ो सबसे बेहतर
भोपाल, 17 अगस्त 2023, श्रावण शुक्ल1 संवत् 2080
गुरूवार



पेज 7 अल हिलाल क्लब की जर्सी

## 75 साल पूरे होने पर मुख्यमंत्री ने गाया | दिल तुम्हारे प्यार का मारा है दोस्तों...

# हमीदिया कॉलेज बिल्डिंग को मॉडल बनाने की घोषणा, बोले- दूसरे सब्जेक्ट्स भी जोड़ेंगे

एजेंसी | भोपाल

भोपाल के हमीदिया कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय की स्थापना के 75 साल पूरे होने पर अमृत महोत्सव 2023 हुआ। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान कार्यक्रम में शामिल हुए। पुराने दोस्तों को याद कर इन्होंने गीत गाया एहसान मेरे दिल पर तुम्हारा है दोस्तों, ये दिल तुम्हारे प्यार का मारा है दोस्तों..। कार्यक्रम के अंत में तुझको चलना होगा... गीत गाया। दरअसल मुख्यमंत्री भी इसी कॉलेज से पढ़े हुए हैं। उन्होंने 1978 इस कॉलेज से दर्शन शास्त्र में एमए किया है। उन्होंने कहा, सबसे सुखद पल स्कूल और कॉलेज के दिन होते हैं। मैं एबीवीपी में नगर संगठन मंत्री था। सवेरे उठते ही साइकिल से पहले सेफिया कॉलेज जाता था। दुबला - पतला था। वहां मोटे-तगड़े छात्र नेता थे। मैं वहां भाषण देता था, वो लोग देखा करते थे कि यह कौन आ गया। शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को हमीदिया कॉलेज में साइंस और दूसरे सब्जेक्ट्स जोड़ने की घोषणा की। बिल्डिंग को मॉडल बनाने की बात कही।

कॉलेज के स्थापना दिवस पर उन्होंने कहा, कॉलेज की भव्य बिल्डिंग कैसी बनाई जाए, इसके लिए नाप-तौल कर लीजिए।

इसी महीने स्वीकृत करेंगे। कॉमर्स और आर्ट के अलावा साइंस या दूसरे सब्जेक्ट को जोड़ना है, तो यह भी किया जाएगा।



पहले बैच के पहले विद्यार्थी देवी शरणजी का किया स्वागत

मुख्यमंत्री ने कालेज के प्रथम बैच वर्ष 1946 के विद्यार्थी रहे, सेवानिवृत्त अधिकारी श्री देवी शरण सक्सेना जी का पुष्पहार से स्वागत किया। उन्होंने महाविद्यालय के अमृत महोत्सव पर केन्द्रित स्मारिका का विमोचन किया। मुख्यमंत्री को स्मृति-चिन्ह भेंट किया गया। प्राचार्य श्रीमती पुष्पलता चौकसे ने स्वागत उद्बोधन दिया। अमृत महोत्सव में मुख्यमंत्री के साथ सांसद सुश्री प्रज्ञा सिंह ठाकुर, चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास कैलाश सारंग, महापौर श्रीमती मालती राय, नगर निगम अध्यक्ष श्री किशन सूर्यवंशी सहित, तपन भौमिक, पूर्व सांसद आलोक संजर और अनेक पूर्व विद्यार्थी उपस्थित थे। श्री वी.डी. शर्मा ने कहा कि महाविद्यालय ने मुख्यमंत्री श्री चौहान का निर्माण किया है। संस्था को ऐसे कुशल नेतृत्व को तैयार करने का श्रेय जाता है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के क्षेत्रीय संगठन मंत्री श्री चेतन सुखाड़िया ने कहा कि स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा का महाविद्यालय परिसर में लोकार्पण हुआ है। स्वामी विवेकानंद जी ने शिकागो में भारत के ज्ञान केन्द्र होने और विश्व गुरु होने का प्रमाण प्रस्तुत किया था। शिक्षा पद्धति पर भावी पीढ़ी तैयार करने का दायित्व होता है। आज विद्यार्थियों को शिक्षा के माध्यम से अपनी सभ्यता, संस्कृति, अपने राष्ट्र और राष्ट्र की माटी से जोड़ने के प्रयास हो रहे हैं।

## साथियों को किया याद, कहा विद्यार्थियों का अनौपचारिक कार्यक्रम होगा

मुख्यमंत्री मंगलवार ने महाविद्यालय के साथियों का बार-बार स्मरण किया। इनमें छात्र संघ अध्यक्ष रहे श्री प्रेम ढींगरा, महाविद्यालय की जन-भागीदारी समिति के वर्तमान अध्यक्ष श्री देवेन्द्र रावत, श्री महेन्द्र सिंह बुंदेला, श्री छोटा बाबू राय, श्री सुरजीत सिंह चौहान और अनेक साथियों का उल्लेख शामिल है। इनमें से अनेक आज के महोत्सव में उपस्थित थे। मुख्यमंत्री मंगलवार ने कहा कि महाविद्यालय के पूर्व और वर्तमान विद्यार्थियों के साथ शीघ्र एक अनौपचारिक कार्यक्रम भी करेंगे। यह इस माह या फिर सितंबर में होगा। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि अतिथि विद्वानों के संबंध में चर्चा के बाद निर्णय लिया जाएगा।

## विवेकाननंद जी मेरे आदर्श

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि हमारा जीवन देश और समाज के लिए उपयोगी होना चाहिए। विवेकानंद जी की ये पंक्तियां विद्यार्थियों को याद रखना चाहिए। स्वामी विवेकानंद के अमृत वचनों को दोहराते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि मनुष्य के लिए कोई कार्य असंभव नहीं। वह सब कार्य कर सकता है जो ठान लेता है।